# गांवों में दोगुना कीमत में बिक रही यूरिया

## सरई में एक ट्रक यूरिया खाद के साथ पकड़ाया, बीच सड़क पर खड़ा कर बेच रहे थे

**सिंगरौली, 12 अगस्त. जिले में इन दिनों यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए मारामारी मची हुई है. आलम यह है कि बैढ़न शहर के खरीदी केन्द्र कचनी में अन्नदाताओं की यूरिया के लिए लम्बी कतारे लग रही हैं, वही ग्रामीणों अंचलों मे 'दोगुनी कीमत पर खाद की बिक्री की जा रही है.**



आज देर शाम सरई सड़क पर खाद की बिक्री करते तहसीलदार ने पुलिस के साथ पहुंच जप्त कर लिया है. गौरतलब है कि खरीफ फसल की बुआई के बाद अन्नदाता इन दिनों यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए समितियों के खरीदी केन्द्रों में कतारे में खड़े होकर घंटो जद्दोजहद के बाद किसी तरह मिल पा रही है. वही जिला मुख्यालय बैढ़न शहर के खरीदी केन्द्र कचनी में अन्नदाता सुबह से ही खाद के लिए लाईन में लग जा रहे हैं. करीब तीन से चार घंटा लाईन में लगने के बाद खाद तो मिल जा रही है, लेकिन इस दौरान अन्नदाताओं को काफी पापड़ बेलने पड़ रहे हैं.

**इनका कहना है**

शिकायत मिलने पर तहसीलदार के साथ पहुंच बीच सड़क पर खाद बेच रहे ट्रक को थाने ला कर दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं. डीडीए को बुलाया है, इसके बाद आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी.
**- जितेन्द्र सिंह भदौरिया,** टीआई, थाना

आलम यह है कि जिले भर में इन दिनों खाद के लिए मारामारी मची हुई है. जहां निजी दुकानदारों के द्वारा धड़ल्ले के साथ 275 के स्थान पर 450 से लेकर 500 रूपये प्रति बोरी उर्वरक खाद यूरिया बेची जा रही है. बताया जाता है कि अन्नदाताओं के द्वारा कई बार स्थानीय अधिकारियों के यहां शिकायत की गई है. लेकिन दुकानदारों के इस मनमानी पर स्थानीय प्रशासन अंकुश लगाने में अब तक नाकाम रहा है. जिसके चलते दुकानदार अपने हिसाब से मनमानी कीमत पर खाद भेच रहे हैं.

# भिंड में डंपर ने महिला को कुचला

**भिंड.** जिले के झांकरी चौकी क्षेत्र में आज मंगलवार सुबह डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई. वह अपने पति और बेटी के साथ मंदिर दर्शन के लिए निकली थी. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सुनीता कुशवाहा, निवासी वार्ड चार, थाना किलागेट ग्वालियर, अपने पति धनश्याम कुशवाहा और बेटी के साथ दंदरौआ धाम दर्शन के लिए बाइक से निकली थीं. सुबह करीब 10.30 बजे जब वे झांकरी के पास सेंवढ़ा-ग्वालियर रोड पर पहुंचे, तभी हादसा हो गया. झांकरी चौकी प्रभारी विवेक प्रभात ने बताया कि बाइक चला रहे पति ने एक डंपर को गलत साइड से ओवरटेक किया.

# जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या

▸ आरोपी फरार, 5 आरोपियों पर मामला दर्ज



**पन्ना, 12 अगस्त. थाना क्षेत्र के ग्राम लमतरा में मंगलवार को जमीन के पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया. गांव के बुजुर्ग बलिराम यादव को कुछ लोगों ने रास्ता रोककर बेरहमी से पिटाई कर दी. कुल्हाड़ी और डंडों से किए गए हमले में बलिराम यादव की मौके पर ही मौत हो गई.**

घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया. शाहनगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बलिराम यादव और झुक्का यादव उम्र लगभग 58 वर्ष के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था. मंगलवार सुबह बलिराम यादव किसी निजी काम से घर से निकले थे. इसी दौरान गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे. देखते ही देखते आरोपियों ने कुल्हाड़ी और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल बलिराम यादव को परिजन 100 डायल की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर लेकर पहुँचे, जहाँ ड्यूटी डॉक्टर सर्वेश कुमार लोधी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है.

मृतक के बेटे का आरोप है कि पाँच लोगों ने मिलकर की हत्या की गई है. मृतक के 16 वर्षीय पुत्र अमरलाल यादव ने पुलिस को दिए बयान में कहा, मेरे पापा को झुक्का यादव, हल्काई यादव, जलेश यादव, झुक्का यादव की पत्नी धना यादव और जलेश यादव की पत्नी ने मिलकर कुल्हाड़ी और डंडों से पीट-पीटकर मार डाला. थाना प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर पाँचों नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है. उनके खिलाफ हत्या और साजिश से संबंधित मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है.

# महिलाओं पर बेरहमी से हमला किया

**चुरहट थाना में एफआईआर दर्ज, वीडियो वायरल**

**सीधी, 12 अगस्त. चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम भेलकी 822 पोस्ट मोहनिया में महिलाओं पर बेरहमी के साथ हुए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.**



बताया गया कि ओमप्रकाश शुक्ला, सुशील त्रिपाठी और रामकुमार त्रिपाठी तीनों आरोपियों ने सरोज तिवारी व उनकी पुत्री प्रिया तिवारी के ऊपर हमला कर दिया. वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपियों ने महिलाओं को बाल पकडक़र खींचा और मारपीट की. शोर सुनकर मौके पर पहुंचे संदीप तिवारी ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीड़ितों की जान बच सकी. पीड़ित परिवार ने चुरहट थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है. ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण उनका हौसला बढ़ा हुआ है.

**यह है मामला :** चुरहट थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार फरियादिया सरोज तिवारी पति कृष्णकुमार तिवारी उम्र 50 वर्ष निवासी भेलकी ने कहा है कि 12 अगस्त की सुबह 5 बजे देखा तो उसके पुराने घर की ओसारी खोदी हुई थी. जिस पर वह गुहार लगाना शुरू की. सुबह करीब 8 बजे घर के सामने ही ओमप्रकाश शुक्ला, रामकुमार तिवारी, सुशील कुमार तिवारी पहुंचे और घर खोदने की बात कर गाली-गलौच करने लगे. इनके द्वारा लाठी-डंडा से उसके ऊपर हमला किया गया.

# अधूरी नहर में डूबने से छात्र की मौत

**रीवा, 12 अगस्त.** गढ़ थाना अन्तर्गत मंगलवार ईटहाई गांव में बनी अधूरी नहर ने एक छात्र की जान ले ली. 11 अगस्त को छात्र अशेष यादव दोपहर घर से निकला था और जब वह नही लौटा तो परिजनो ने तलाश शुरू की. नहर के पास पैंट और पर्स पड़ा मिला. जिसके बाद गढ़ पुलिस को सूचना दी गई और दूसरे दिन मंगलवार को नहर में शव मिला. पूरे गांव में मातम छा गया. सोमवार को अशेष कुमार यादव पिता रामबहोर यादव घर से दोपहर में निकला था और वापस न होने पर परिजनो ने तलाश शुरू की और रात 9 बजे गढ़ पुलिस को सूचना दी.

# 2 बदमाशों ने कबूली 16 बाइक चोरी की वारदात

▸ इंदौर-उज्जैन में करते थे चोरी, पुलिस ने खरीददारों को बनाया आरोपी

**उज्जैन, 12 अगस्त. वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को पकड़ा और उसका शुरू की तो दोनों ने इंदौर-उज्जैन में 16 बाइक चोरी करना कबूल कर लिया. दोनों की निशानदेही पर बाइक बरामद कर पुलिस ने मामले का खुलासा किया. चोरी की बाइक खरीदने के मामले में दो युवकों को आरोपी बनाया है.**



महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शंकराचार्य चौराहे पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोका गया था. दोनों से बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे तो उनके पास नहीं होना सामने आए. पुलिस ने दस्तावेज मांगने के लिए कहा तो दोनों घबरा गए. शंका होने पर नाम पूछा गया एक ने दीपेश पिता पवन कुमार जैन निवासी बड़ा गणपति के पास इंदौर होना बताया. उसके साथी का नाम बिट्टू पिता विश्वकर्मा चौरसिया निवासी लोहा मंडी सिंधी कॉलोनी इंदौर होना सामने आया.

**वाहन किए जब्त**

दोनों को थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई तो बाइक चोरी की होना कबूल कर लिया. टीआई गगन बादल ने अन्य वाहन चोरी के मामलों में पूछताछ के लिए एसआई पुरुषोत्तम गौतम को कमान सौंपी. दोनों ने इंदौर उज्जैन से 16 बाइक चोरी करना कबूल कर लिया. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बाइक बरामद करना शुरू किया कुछ इंदौर से उज्जैन लाई गई. वहीं कुछ बाइक नीमच के रहने वाले विशाल गुर्जर और इंदौर के निखिल राजपूत को बेच दी गई थी. पुलिस ने चोरी के वाहन खरीदने वाले दोनों युवकों को हिरासत में लिया है.



# मटिया मार्ग की कच्ची सड़क कीचड़ में सराबोर

▸ देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गन्नई का मामला

**सरई, 12 अगस्त. देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गन्नई अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र क्रामंक 6 मटिया कच्ची सड़क मार्ग कीचड़ में जहां तब्दील है,**



वहीं बरिया नाला पुल के अभाव में स्कूली बच्चे भी नाले के पानी को पार कर जाने के लिए मजबूर हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव के उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गन्नई के मटिया टोला के दलदल सड़क मार्ग रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना है. वही नाले में पुलिया न बनने से स्कूली बच्चों को बड़े मुश्किल से पानी होकर आना जाना पड़ रहा है. यह समस्या आज से नही वर्षो से है. आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच के उदासीनता के चलते सड़क का न तो मुरमीकरण हो सका है और न ही डब्ल्यूबीएम का कार्य कराया गया है. इस बारिश के सीजन में ग्रामीणों का आना-जाना काफी मुश्किल है. वाहनों से चल नही सकते और पैदल चलने पर कीचड़ में सराबोर हो जाते हैं.

# घर में सो रही मां और दो बेटों को सांप ने डंसा, मौत

**ग्वालियर, 12 अगस्त. घर में सो रही महिला और उसके दो बेटों को सांप ने डस लिया. जिससे तीनों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सांप काटने के बाद परिजन ने झाड़-फूंक कराया. जिसके चलते इलाज में देरी होने से उनकी जान नहीं बच सकी. मृतक महिला पिंकी (उम्र 30 साल) पत्नी ब्रजेश शिवपुरी जिले की रहने वाली थी.**

सोमवार को वह अपने बेटे प्रिंस (7) और बेटी नेहा (5) के साथ राजस्थान के बारां जिले में अपने मायके रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पहुंची थी जहां आज मंगलवार सुबह तीनों को सोते समय कॉमन करैत सांप ने डस लिया. परिजन ने उनके मुंह से झाग निकलते देखा. तीनों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी. सांप कमरे में ही था, जिसे परिजन ने लाठी से हमला कर मार दिया. सांप के डसने के बाद परिजन तीनों को अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने सिरसौद गांव में स्थित एक स्थान पर ले गए. करीब पांच घंटे बाद जब तबीयत और बिगड़ गई, तब केलवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. कॉमन करैत सर्प का जहर होता है.

# हाथी का तांडव, घरों को नुकसान

**उमरिया.** जिले के बाँधवगढ़ टाईगर रिजर्व अंतर्गत बमेरा गांव मे जंगली हाथी ने जमकर तांडव मचाया. इस दौरान जंगली हाथी कई घरों को नुकसान पहुंचाते हुए तोड़फोड़ की और घरों में रखे राशन को खा गया. जंगली हाथी की मौजूदगी से लोग रात भर जागते रहे. वहीं दहशत में आये ग्रामीणो ने बाँधवगढ़ टाईगर रिजर्व पार्क प्रबंधन को कई बार सूचित कर मदद मांगी लेकिन पार्क प्रबंधन का अमला नहीं पहुंचा. बताया जाता है कि यह जंगली हाथी पतौर गांव की ओर से आया था जो खेतों से होते हुए बमेरा गांव पहुंचा. घटना से ग्रामीणो में पार्क प्रबंधन के प्रति रोष व्याप्त है.

# नदी पर तिरपाल में लिपटा शव बहकर आया

## 18 से 22 साल की है मृतका युवती, पुलिस कर रही जांच

**मुरैना, 12 अगस्त. सिहोनिया थाना क्षेत्र के बरगमा गांव के पास क्वारी नदी के रपटे पर तिरपाल में लिपटा एक अज्ञात युवती का शव मिला. शव काफी पुराना और गल चुका था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई. पुलिस का मानना है कि युवती की हत्या कर शव को नदी में फेंका गया है.**



हाल ही में हुई बारिश से क्वारी नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ था. अब पानी घटने के साथ नदी में बहकर आए कई सामान ऊपर नजर आने लगे हैं. बरगमा रपटे के पास तिरपाल में लिपटा युवती का शव दिखाई दिया. शव की हालत इतनी खराब थी कि उसे तुरंत ग्वालियर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है. इस दौरान पुलिस ने मृतका की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.

डॉक्टरों के मुताबिक मृतका की उम्र 18 से 22 साल के बीच है. एक हाथ में चांदी का चूड़ा, दूसरे में कलावा और काली रबर बंधी थी. उसने सफेद रंग का कुर्ता और काली लेगिंग पहनी थी. सिहोनिया थाना प्रभारी एसआई पवन भदौरिया ने बताया कि किसी भी प्रकार की सूचना थाना प्रभारी या कंट्रोल रूम मुरैना को दी जा सकती है.

# राजीनामा के बाद भी बदमाशों ने किया हमला

**थाने में नहीं हुई सुनवाई, दर-दर भटक रहा पीड़ित**

**इंदौर, 12 अगस्त. एरोड्रम रोड नयापुरा इलाके में देर रात हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर चाय की दुकान चलाने वाले युवक को बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा. हमलावरों के पास चाकू, मटन काटने का सतूर और अन्य धारदार हथियार थे. पूरी घटना पीड़ित की पत्नी ने मोबाइल में कैद कर ली, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने के बजाय केवल साधारण मारपीट का मामला दर्ज कर उसे चलता कर दिया.**

पीड़ित रोहित कुशवाह ने बताया कि वह परसों रात स्वामी परिवार के सचिन, सुनील, राकेश, विशाल के साथ बैठा था, तभी कहासुनी हो गई. अगले दिन दोपहर को दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया, लेकिन देर रात करीब 3.30 बजे सचिन और उसके साथी 5-7 अन्य लोगों के साथ घर आ धमके. दरवाजा खुलवाकर गालियां दीं, बाहर खींचकर मारपीट की और सतूर व फर्शी से हमला करने की कोशिश की. समय रहते भाइयों ने बीचबचाव कर जान बचाई. मारपीट के बाद आरोपी मौके से भाग गए. रोहित की पत्नी सुनयना ने हमले का वीडियो बना लिया. रोहित का आरोप है कि जब वह केस दर्ज कराने थाने पहुंचा, तो वहां भी सचिन मौजूद था. चूंकि सचिन के ढाबे से थाने की हवालात के लिए खाना जाता है, इसलिए पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की और हथियार जब्त करने के बजाय मामूली मारपीट की धारा में केस दर्ज कर दिया. पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

### युवक को पहले टक्कर मारी फिर चाकू से गोदा

**जबलपुर.** तिलवारा थाना अंतर्गत नया पुल के ऊपर दुपहिया वाहन चालक ने पहले एक युवक की गाड़ी में टक्कर मार दी इसके बाद युवक पर चाकू हमला कर दिया. पुलिस ने बताया कि बेडी उर्फ बखेड़ी उर्फ भाव सिंह बर्मन 60 वर्ष निवासी रमनगरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जोधपुर पड़ाव पेट्रोल पम्प से बाइक में पेट्रोल भरवाकर पुल से होते रमनगरा जा रहा था. नया पुल के ऊपर एक दुपहिया वाहन में सवार 2 व्यक्ति ने अपना वाहन तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी टीव्हीएस चैम्प में टक्कर मार दी जिससे उसकी गाड़ी का चका बेंड हो गया. उसने उन लडकों से कहा कि मेरा नुकसान हो गया है इसके पैसे कौन देगा .इसी बात पर एक लड़का उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो 2 पहिया वाहन में पीछे बैठा लड़का नीचे उतरकर आया एवं जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर उसके पेट में चोट पहुंचा दी.

# पुलिस ने खेतों से मोटर चोरी करने वालों को किया गिरफ्तार

▸ आरोपियों के कब्जे से सात मोटर, बाइक जब्त

**सौंसर/छिंदवाड़ा, 12 अगस्त. पिपला क्षेत्र से किसानो के खेतो से पानी कि मोटर चोरी करने वाले दो आरोपीयो को पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है.**



साईखेडा के पास घेराबंदी कर पकडे गए आरोपीयो के कब्जे से पुलिस ने सात मोटर और एक बाईक जब्त कि है. पकडे गए आरोपीयो मे आकाश पिता विश्वेश्वर शिंदे 30 निवासी पारडसिंगा तथा कैलाश पिता नारायण महतपुरे 30 साल निवासी मोहगांव हवेली शामिल है. पिपला चौकी मे आयोजित प्रेस वार्ता मे घटना का खुलासा करते हूए जिले के एएसपी नीरज सोनी ने बताया कि किसानो कि मोटर चोरी को लेकर निरंतर मिल रही शिकायतों के बाद गठीत कि गई पुलिस टीम को यह सूचना मिली कि साईखेंडा के पास दो लोग मोटरसाईकल क्रमांक एमएच 27 एस 7745 पर सिंचाई की मोटर लेकर आ रहे है. टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा.

**कार्रवाई** ▸ आरोपियों के कब्जे से 2 पिस्टल, एक मोटर सायकल जप्त

# अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करों को पकड़ा

**बुरहानपुर, 12 अगस्त. पुलिस को अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है.**



थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को अवैध हथियार तस्कर के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई सूचना पर टीम के साथ मुखबीर की सुचना पर पांगरी रोड़ माता नदी के पास पहुंचे जहा बताये गये हुलिये के दो व्यक्ति मोटर सायकल से आते दिखे जिसे फार्स की मदद से पकडा नाम पता पूछते उसने अपना नाम भावेश पिता गोवर्धन दामोदर जाति बोद्ध उम्र 38 साल निवासी सोनाजी नगर थाना सोनाला महाराष्ट्र एवं विशाल पिता श्रीराम वावरे जाति कोली उम्र 25 साल निवासी सोनाजी नगर थाना सोनाला महाराष्ट्र का होना बताया. आरोपियो के कब्जे से 2 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल कुल किमती 40000/- की तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया. वापसी पर आरोपीयो के विरुध्द प्रकरण पंजीबध्द किया गया. आरोपियों से अवैध हथियारो के संबंध मे पुछताछ की जा रही है. आरोपी विशाल के विरूद्ध बुलढाणा, जलगांव तथा अमरावती में चोरी, नकबजनी तथा बलात्कार जैसे कुल 5 अपराध पंजीबद्ध है.

अवैध हथियार निर्माण एवं विक्रय को रोकने के लिये थाना क्षेत्र के सिकलीगर समाज के लोगो को मुख्यधारा में जोडने एवं अवैध हथियार निर्माण एवं विक्रय को रोकने एवं बन्द करने के लिये युवाओ एवं समाज के प्रतिष्टित व्यक्तियो को समय समय पर बैठके ली जा रही है . आरोपी में भावेश पिता गोवर्धन दामोदर निवासी सोनाजी जिला बुलढाणा महाराष्ट्र, विशाल पिता श्रीराम वावरे निवासी जिला बुलढाणा महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया.

# अज्ञात महिला की लाश मिलने से फैली सनसनी

**मंडला, 12 अगस्त.** महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहन टोला, जो मंडला से लखनादौन जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र है, में मंगलवार सुबह एक अज्ञात महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया. सुबह मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क किनारे झाड़ियों के पास महिला का शव देखा और तत्काल इसकी सूचना डायल-100 को दी. सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू की. महिला की पहचान और मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने पूछताछ की, साथ ही समीपवर्ती थानों में गुमशुदगी संबंधी जानकारी भेजी गई है.

# फोरलेन हाइवे से पिकअप वाहन में 192 पेटी शराब पकड़ी



**रतलाम, 12 अगस्त.** जिले की पुलिस को अवैध शराब की तस्करी के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है. नामली थाना क्षैत्र अंतर्गत फोरलेन हाइवे स्थित बडोदा फन्टा पर पिकअप वाहन से अवैध शराब की 192 पेटी को पुलिस ने जप्त किया है. तस्करी के आरोपी ड्राइवर और साथी मोके से फरार हो गए. पुलिस दोनों आरोपी की तलाश में जुटी है. पुलिस टीम ने फोरलेन स्थित बड़ोदा फन्टा पर गश्त एवं चैकिंग के दौरान अवैध शराब के परिवहन कर रहे एक सफेद रंग की पीकअप वाहन क्रमांक जीजे 01 केटी3994 गाडी को रोका तो गाड़ी के ड्राइवर और साथी मौके से फरार हो गए. जप्त गाड़ी से 165 पेटी में माउंट 6000 कंपनी की टीन बियर 1980 बल्क लीटर किमती 4,55,400 रुपये व व्हिस्की क्वार्टर अंग्रेजी शराब 233 बल्क जब्त की.

# पुलिस ने 2 आरोपियों से गांजा किया जब्त

**सीधी, 12 अगस्त.** पथरौला पुलिस की कार्यवाही में 2 आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार कर बाइक जप्त किया गया है. इनके कब्जे से 67 हजार रूपए कीमत के गांजा व बाइक जप्त किया गया. पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक भूपेश बैस के नेतृत्व में, चौकी प्रभारी पथरौला उप निरीक्षक प्रीति वर्मा एवं उनकी टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को दबोचते हुए उनके कब्जे से गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की.